# एक साथ 5 करोड़ श्रद्धालु कर सकेंगे शिप्रा स्नान

- 29 किलोमीटर घाट से दिखेंगे उज्जैन के ठाठ
- 30 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए घाट और सड़क निर्माण तेज
- गर्म पत्थरों पर नंगे पैर चलकर कलेक्टर ने परखा निर्माण



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. 30 करोड़ श्रद्धालु महाकाल की नगरी में महाकुंभ के मद्देनजर जब आएंगे तो एक साथ पांच करोड़ श्रद्धालु घाट पर स्नान कर सकेंगे, ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, सिंहस्थ में भीषण गर्मी होगी इस दौरान श्रद्धालू भी नंगे पैर होंगे यही कारण है की कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधा का अवलोकन नंगे पैर किया.**

सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में तैयारियां तेज हो गई हैं. अनुमान है कि आगामी सिंहस्थ में करीब 30 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन आएंगे और शिप्रा के घाटों पर स्नान करेंगे. इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन बड़े स्तर पर घाट, सड़क और पुल निर्माण कार्य करवा रहा है. गुरुवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने 29 किलोमीटर तक बन रहे घाट का उसे स्तर पर अवलोकन किया कि घाट पर श्रद्धालु नंगे पैर चलेंगे तो उन्हें दिक्कत ना आए, इसी सोच के साथ जब कलेक्टर ने खुद भी नंगे पैर चलकर निर्माण कार्य को देखा तो बाकी अधिकारी कर्मचारी हैरान हो गए.

**सबसे पहले सिद्धनाथ गए कलेक्टर**-कलेक्टर ने सबसे पहले श्री सिद्धनाथ (सिद्धवट) से अंगारेश्वर महादेव होते हुए भैरवगढ़ चौराहा तक बन रहे 5.7 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण देखा. लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 64.90 करोड़ रुपए की लागत से यह सड़क बनाई जा रही है. मार्ग की सेंट्रल लाइन देखी और काम की गति बढ़ाने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने बताया कि मार्ग के किनारे रिटेनिंग वॉल और ड्रेनेज निर्माण के लिए खुदाई कार्य शुरू कर दिया गया है.

**सीएम की परिकल्पना से बन रहे घाट**-भूमि पूजन के दौरान सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा था कि कुंभ के दौरान एक साथ करीब 5 करोड़ संत, महंत और श्रद्धालु इन घाटों पर स्नान कर सकेंगे, इसलिए घाटों और बुनियादी सुविधाओं को उसी स्तर पर विकसित किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 को भव्य, व्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है.

### पुल पुलिया भी देखी

इसके बाद कलेक्टर ने भैरवगढ़ सेतु और सिद्धवट से अंगारेश्वर महादेव मंदिर तक बन रहे पुल का निरीक्षण किया. करीब 14.56 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस पुल के 23 पाइल का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि पाइल कैप का काम शुरू कर दिया गया है. अधिकारियों ने बताया कि जुलाई तक सेतु के सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूरा कर लिया जाएगा.

**अपर लैंडिंग लोअर लैंडिंग पुरी**-सिद्धवट से मंगलनाथ मंदिर तक बन रहे नवीन घाट निर्माण कार्य का भी कलेक्टर ने जायजा लिया. अधिकारियों ने बताया कि अब तक घाट निर्माण में 11.7 किमी रिटेनिंग वॉल, 9.7 किमी टो वॉल, 4.352 किमी अपर लैंडिंग और 4.194 किमी लोअर लैंडिंग का निर्माण पूरा हो चुका है.

# आरुषि बनीं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल

- माहेश्वरी समाज के लिए गौरव के क्षण

**कांटाफोड़ नगर की भांजी एवं माहेश्वरी समाज की होनहार बेटी आरुषि बाहेती, निवासी बाग (जिला धार) ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का प्रतिष्ठित पद प्राप्त कर परिवार, समाज और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उनकी इस उपलब्धि से कांटाफोड़ सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है.**

बताया जा रहा है कि आरुषि बाहेती माहेश्वरी समाज की देश की पहली बेटी हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का पद प्राप्त कर समाज के इतिहास में एक नई उपलब्धि दर्ज की है. उनकी यह सफलता समाज की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है.



आरुषि के पिता दिलीप बाहेती एवं माता प्रियंका बाहेती ने पुत्री की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आरुषि ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और देशसेवा की भावना के साथ यह मुकाम हासिल किया है.

# सहकारी संस्थाओं के लिए बनेगी विशेष कमेटी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 12 मार्च. सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग की वर्तमान गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की.**

बैठक में मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों पैक्स और विपणन सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिए एक विशेष कमेटी गठित की जाए. यह कमेटी सहकारी संस्थाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर उनके संचालन, संरचना और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में सुझाव देगी तथा 15 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी.



> उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को सहकारिता से जोड़ने से ग्रामीण स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और किसानों को संस्थागत सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा. मंत्री ने खाद वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डबल लॉक की स्थिति में नगद भुगतान के माध्यम से पैक्स के जरिए खाद वितरण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाए. उन्होंने कहा कि इससे किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बन सकेगी.

सारंग ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, ऐसे में सहकारिता क्षेत्र की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि वर्ष को ध्यान में रखते हुए सहकारिता संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके.

# रिश्वत लेते पकड़े गए सहकारी संस्था प्रबंधक को 4 साल की सजा

- लोकायुक्त ने 50 हजार रुपए लेते रंगे हाथों किया था ट्रैप, विशेष न्यायालय ने सुनाया फैसला

**इंदौर.** झाबुआ जिले में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था के प्रबंधक को रिश्वत मामले में विशेष न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है. आरोपी ने एक कर्मचारी को सेवा में पुन: बहाल करने के आदेश जारी करने के बदले 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिस पर लोकायुक्त ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया था.

मामला अपराध क्रमांक 307/16 से जुड़ा है, जिसमें आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था शाखा काकनवानी, तहसील थांदला, जिला झाबुआ के प्रबंधक लवलेश कुमार राठौर को आरोपी बनाया था. शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार राठौर निवासी ऋतुराज कॉलोनी, झाबुआ ने लोकायुक्त पुलिस इंदौर को शिकायत की थी कि सेल्समैन पद से निलंबन के बाद बहाली के आदेश जारी करने के लिए आरोपी प्रबंधक 50 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है. लोकायुक्त द्वारा शिकायत की तस्दीक करने पर आरोप सही पाए गए. इसके बाद 27 सितंबर 2016 को लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था. मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम जिला झाबुआ में चली. न्यायालय ने गुरुवार 12 मार्च को अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी लवलेश कुमार राठौर को दोषी पाया, कोर्ट ने उसे चार वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया.


## पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मंडल

**विभिन्न इंजीनियरिंग काम**

**ई-निविदा सूचना संख्या 27 वर्ष 2025-26 दिनांक : 11.03.2026**

| सं | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | EMD राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DRM-ADI-208-2025-26 | वीरमगाम – सामख्याली सेक्शन: वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में लघु पुलों (09 संख्या) 82 DN, 170 UP एवं DN, 175 UP, 185 UP, 93 UP, 103 UP, 145 UP, 164 UP का पुनर्निर्माण। | 20,43,98,858.17 | 11,72,000.00 |
| 2 | DRM-ADI-209-2025-26 | डिविजनल इंजीनियर (उत्तर) – अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में 60 किग्रा/60 किग्रा E-1 R-260 ग्रेड रेल एवं 52 किग्रा 90 UTS रेलों की साइट पर सिंगल शॉट क्रूसिबल फिटिंग के साथ वेल्डिंग की आपूर्ति एवं निष्पादन तथा सभी सहायक उपकरणों सहित वेल्डिंग उपकरणों की आपूर्ति। | 3,48,48,870.46 | 3,24,300.00 |
| 3 | DRM-ADI-210-2025-26 | ADEN–पालनपुर के अधिकार क्षेत्र में पालनपुर में टाइप-II के 18 आवासीय क्वार्टर एवं टाइप-IV का 01 स्टाफ क्वार्टर का निर्माण। (संयुक्त निविदा) | 6,18,99,580.30 | 4,59,500.00 |
| 4 | DRM-ADI-211-2025-26 | डिविजनल इंजीनियर (उत्तर) – अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में SSE (वर्क्स) – पालनपुर तथा SSE (P.Way) – पालनपुर के कार्यालयों का निर्माण। (संयुक्त निविदा) | 4,54,34,742.42 | 3,77,200.00 |
| 5 | DRM-ADI-212-2025-26 | Sr. DEN (NW) – अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में सामख्याली – गांधीधाम सेक्शन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 202 एवं 206 को रोड अंडर ब्रिज प्रदान कर समाप्त करना। | 34,13,45,674.95 | 18,56,700.00 |
| 6 | DRM-ADI-213-2025-26 | Sr. DEN (NW) – अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में पालनपुर – सामख्याली सेक्शन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 144 (167/7-8), 146 (169/6-7) एवं 150 (176/0-1) को रोड अंडर ब्रिज प्रदान कर समाप्त करना। | 32,50,67,367.98 | 17,75,300.00 |

**ई-निविदा बंद होने की तिथि:** दिनांक 07/04/2026 समय 15:00 बजे **कार्यालय का पता:** वरि. मंडल इंजीनियर (सम.)-अहमदाबाद, डी. आर.एम. ऑफिस, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद- 382345 **ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाइट:** www.ireps.gov.in

ADI 307

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly





अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलर: अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारु मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलॉट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**